# साहित्य अकादमी, नई दिल्ली ने 'वेबलाइन साहित्य श्रंखला' की शुरुआत की

जम्मू, 23 मई (मगोत्रा) : कोविड-19 के चलते लोगों की सुरक्षा के लिए जबसे लॉकडाउन लगा है,तबसे साहित्यिक गतिविधियां लगभग ठप्प पड़ी थीं, लेकिन साहित्य अकादमी, नई दिल्ली ने इस दिशा में एक उल्लेखनीय कदम उठाते हुए 'वेबलाइन साहित्य श्रंखला' की शुरुआत की। इससे घर बैठे ही साहित्यकार अपनी रचनाओं को दुनिया भर के दर्शकों के सामने यू-ट्यूब और फेसबुक के माध्यम से प्रस्तुत कर पाएंगे।

इसी श्रंखला तहत साहित्य अकादमी नई दिल्ली की तरफ से 'वेबलाइन साहित्य श्रंखला' के अंतर्गत डोगरी कहानी गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जम्मू प्रदेश के प्रतिष्ठित कहानीकारों ने भाग लिया। अपनी तरह के इस पहले आयोजन में वरिष्ठ कहानीकार राज राही, जगदीप दुबे और राजेश्वर सिंह राजू ने अपनी कहानियों के माध्यम से जहां एक तरफ लोगों का मनोरंजन किया,वहीं उन्हें सोचने को मजबूर भी किया।



*साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित वेबलाइन साहित्य श्रृंखला तहत कहानी गोष्ठी में भाग लेने वाले कलाकार।(मोहित)*

डोगरी कहानी गोष्ठी के सफल आयोजन पर साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के डोगरी भाषा के कन्वीनर दर्शन दर्शी ने बताया कि ऐसे ही कार्यक्रम साहित्य अकादमी की तरफ से भविष्य में भी किए जाने की योजना है। जिससे करोना वायरस के चलते भी साहित्यिक गतिविधियों को गति प्रदान की जा सके।